# प्रेस नोट- थाना मिर्जापुर

## शाहजहाँपुर पुलिस

**सराहनीय कार्य दिनांक- 28.07.2026**

## थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा आत्महत्या के लिये उक्साने के अपराध में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष मिर्जापुर के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम, चोरी-लूट-अवैध शराब/शस्त्र बिक्री-निर्माण व अभियान तलाश वांछित/वारन्टी अपराधी के क्रम में थाना मिर्जापुर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण -**

दिनांक 28.07.2026 को वादी श्री रामवीर सिंह पुत्र सरनाम सिंह निवासी ग्राम जरियनपुर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर द्वारा प्रस्तुत लिखित तहरीर के आधार पर थाना मिर्जापुर पर मु०अ०सं० 147/26, धारा 108 बीएनएस बनाम 1. शाहनूर पुत्र जबरनूर 2. शब्बीर पुत्र जबरनूर 3. शमशाद पुत्र शाहनूर 4. इसाल पुत्र शाहनूर 5. रज्जाक पुत्र शाहनूर 6. करीना पुत्री शाहनूर निवासीगण ग्राम मोहम्मदपुर गुलड़िया थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ०नि० चन्द्रपाल द्वारा की जा रही है। आज दिनांक 28.07.2026 को उ०नि० चन्द्रपाल मय हमराह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग, वांछित अभियुक्तों की तलाश तथा अपराध की रोकथाम हेतु भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना एवं निशानदेही पर अभियोग में वांछित अभियुक्त शाहनूर पुत्र जबरनूर, उम्र करीब 62 वर्ष, निवासी ग्राम मोहम्मदपुर गुलड़िया थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर को मोहम्मदपुर गुलड़िया जाने वाले मार्ग पर ईस्माईलपुर तिराहे से समय करीब 09:36 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-**

शाहनूर पुत्र जबरनूर उम्र करीब 62 वर्ष निवासी ग्राम मोहम्मदपुर गुलडिया थाना मिर्जापुर जिला शाहजहाँपुर।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 147/26 धारा 108 बीएनएस बनाम शाहनूर आदि 06 नफर उपरोक्त, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तारी का स्थान, समय, दिनांक -**

मोहम्मदपुर गुलडिया जाने वाले रास्ते पर ईस्माईलपुर तिराहे, दिनांक-28.07.2026, समय करीब 09.36 बजे,

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**

1. उ0नि0 चन्द्रपाल सिंह, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. हे0का0 धर्मेन्द्र सिंह, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
3. हे0का0 सत्यवीर सिंह, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर।